ॐ श्री सदगुरू देवाय नम: ॐ ओ३म् ॐ जय माता दी ॐ
ॐ सीताराम बाबा जी ॐ जय बाबा की ॐ श्याम बाबा ॐ
ॐ ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! ॐ
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 104 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦19 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## नर्सिंग अभ्यर्थियों ने किया सीएम आवास कूच

### चालीस दिनों से धरने पर बैठे बेरोजगारों के सब्र का बांध टूटा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को लेकर चल रहा विवाद अब सड़कों पर उतर आया है। लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे सैकड़ों नर्सिंग अभ्यर्थियों ने सोमवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मुख्यमंत्री आवास कूच किया। हाथों में पोस्टर-बैनर लिए और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी और विसंगतियों पर कड़ा रोष प्रकट किया। बता दें कि नर्सिंग एकता मंच के बैनर तले ये अभ्यर्थी पिछले 40 दिनों से एकता विहार धरना स्थल पर डटे हुए हैं।



अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार और प्रशासन की ओर से उन्हें बार-बार केवल मौखिक आश्वासन मिल रहे हैं, जबकि धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इसी से निराश होकर सोमवार को आंदोलित बेरोजगारों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए सड़कों पर मार्च निकाला। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया था। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग पर रोककर समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित अभ्यर्थी अपनी मांगों पर अड़े रहे। नर्सिंग एकता मंच के अध्यक्ष नवल पुंडीर ने भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में 2008 के बाद वर्ष 2020 में भर्ती निकाली गई थी। इसे वरिष्ठता के आधार पर पूरा करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन विसंगतियों के कारण एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से चालक की मौत

चमोली (उद संवाददाता)। नंदप्रयाग-नंदानगर मोटर मार्ग पर सेरा गांव के समीप रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नंदानगर से नंदप्रयाग की ओर जा रही एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस टीम ने भारी मशक्कत के बाद रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को खाई से बाहर निकाला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम मनीष कुमार द्वारा थाना नंदानगर को सूचना दी गई कि जाखणी क्षेत्र में एक वाहन सड़क से नीचे खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर (शेष पृष्ठ सात पर)



## राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में शामिल होने दिल्ली पहुंचे धामी

देहरादून/नई दिल्ली (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली पहुंच गए हैं। रविवार देर शाम दिल्ली रवाना होने के बाद, आज सोमवार को उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। गौरतलब है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए आधिकारिक अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो रही है। वर्तमान में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन इस पद के लिए मुख्य दावेदार माने जा रहे हैं और पूरी संभावना है कि उन्हें निर्विरोध पार्टी का 12वां राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो 46 वर्षीय नितिन नबीन भाजपा के इतिहास में (शेष पृष्ठ सात पर)



## होटल और दुकान में भीषण आग, करोड़ों की संपत्ति राख

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। केदारनाथ हाईवे से सटे चंद्रापुरी क्षेत्र के गबनीगांव में रविवार देर रात एक होटल और जनरल स्टोर में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयावह थी कि उसने देखते ही देखते पूरे व्यावसायिक प्रतिष्ठान को अपनी आगोश में ले लिया और दुकान के बाहर खड़े दो वाहन भी जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि अग्निशमन दल ने समय रहते मोर्चा संभाल लिया, जिससे आग पास के रिहायशी इलाके तक नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना रात्रि करीब 1:30 बजे जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से मिली, जिसके बाद फायर सर्विस रुद्रप्रयाग और थाना अगस्त्यमुनि की टीमें अत्याधुनिक उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से बचाव कार्य शुरू किया गया। आग की तीव्रता को देखते हुए रिन्यू जल ऊर्जा कुंड के कर्मचारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और अपने निजी टैंकरों से निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। हालांकि, इस अग्निकांड में होटल और स्टोर के भीतर रखा करोड़ों का सामान जलकर बर्बाद हो गया है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। राहत की बात यह रही कि आधी रात को हुई इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने (शेष पृष्ठ सात पर)





## 13 साल से खाकी को छका रहा 25 हजारी इनामी लुटेरा गिरफ्तार

### पुलिस टीम ने अमरोहा बस स्टैंड से दबोचा, चार राज्यों में की थी छापेमारी

रूद्रपुर/सितारगंज (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा अपराधियों और वांछितों के विरुद्ध चलाए जा रहे कड़े अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने वर्ष 2013 से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश शब्बीर उर्फ सुहेल को अमरोहा से गिरफ्तार कर लिया है। शातिर अपराधी पिछले 13 वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर अपनी पहचान छिपाए हुए था, जिसे अब जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।मामला 16 फरवरी 2013 का है, जब सितारगंज कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 6, नहरपार निवासी गणेश सिंह के घर में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला था। बदमाशों ने परिवार को हथियारों के बल पर आतंकित कर अलमारी से सोने के जेवरात और नगदी लूट ली थी। इस दौरान दुस्साहस दिखाते हुए लुटेरों ने विरोध करने पर वादी की पत्नी के सिर पर डंडे से प्रहार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने चार आरोपियों तनवीर उर्फ सपेरा, नफीस, शाकिर और भूरा उर्फ कम्मू को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लूटा हुआ माल बरामद कर लिया था, लेकिन गिरोह का सक्रिय सदस्य शब्बीर उर्फ सुहेल निवासी एटा (उत्तर प्रदेश) फरार होने में कामयाब रहा था।न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद जब आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आया, तो विवेचक द्वारा उसके विरुद्ध मफरूरी (फरारी) में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जिले की कमान संभालते ही पुराने और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के सख्त निर्देश दिए थे। क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष नानकमत्ता उमेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी की तलाश में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में संभावित ठिकानों पर दबिश दी और मैनुअल इनपुट जुटाए।लगातार (शेष पृष्ठ सात पर)



## चरस ले जाता तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। टीपी नगर चौकी पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त अभियान में बाईक सवार एक नशा तस्कर को चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विजय सिंह मेहता प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान मण्डी बाईपास रोड से बाइक सवार एक व्यक्ति को रोका और उसकी तलाशी ली। उसके पास से 750 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता (शेष पृष्ठ सात पर)



## अंकिता हत्याकांड में एक और 'राजदार' की एंट्री

### उषा राणा माही ने साक्ष्यों के साथ किया नए खुलासे का दावा

देहरादून (उद संवाददाता)। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में हर दिन नए और चौंकाने वाले मोड़ सामने आ रहे हैं। अभी 'ऑडियो गर्ल' उर्मिला सनावर का विवाद थमा भी नहीं था कि अब उषा राणा माही नामक एक महिला ने इस प्रकरण में नए राजदार के रूप में एंट्री कर सियासी पारा बढ़ा दिया है। उषा राणा ने दावा किया है कि उनके पास अंकिता हत्याकांड की साजिश से जुड़े ऐसे साक्ष्य हैं, जो बड़े-बड़ों की पोल खोल सकते हैं। उषा राणा माही ने सोशल मीडिया पर एक विवादित तस्वीर साझा करते हुए सीधा निशाना दर्शन भारती पर साधा है। उन्होंने भगवा चोले का जिक्र करते हुए उन्हें 'कालनेमि' की संज्ञा दी और आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी के साथ गद्दारी करने वालों की साजिश के सबूत उनके पास सुरक्षित हैं। उन्होंने पोस्ट में लिखा मैं उत्तराखंड की बेटी हूं और उत्तराखंडियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगी, वक्त आने पर सारे खुलासे करूंगी। उषा राणा द्वारा साझा की गई तस्वीरों में दर्शन भारती के साथ आरती गौड़ भी नजर आ रही हैं। यह तस्वीर इसलिए (शेष पृष्ठ 7 पर)



**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर कर्मचारियों की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें:-
8433432291

Alsence®
बवासीर से परेशान?
मल त्यागते समय खून आना, गुदा पर जलन-खुजली, सूजन व मस्सों की तकलीफ़
अपनाइये 11 साल से भरोसेमंद आयुर्वेदिक समाधान
पाइल्सश्योर कैप्सुल
✓ केवल 7 दिन में असरदार परिणाम
✓ 100% आयुर्वेदिक
✓ कोई दुष्प्रभाव नहीं
✓ खूनी व बादी बवासीर में लाभकारी
सभी मुख्य मेडिकल स्टोर्स पे उपलब्ध
FOR QUERY CONTACT AT-9997744200, 7536000017



# माता भगवती देवी के तप और साधना से मानवता को मिली नई दिशा: धामी

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ध्वज वंदन समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह शताब्दी समारोह वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तपस्वी जीवन, नि:स्वार्थ सेवा और अखंड साधना के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का साक्षात भावात्मक अभिव्यक्ति है। माताजी का संपूर्ण जीवन त्याग, बलिदान और साधना की वह ज्योति है, जिसने असंख्य जीवनों को सही दिशा और नई दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार को किसी एक संगठन की सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता, यह उस युग चेतना का वह प्रवाह है, जो व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के उत्थान की ओर अग्रसर करता है।मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक चेतना का स्मरण करते हुए कहा कि गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और आदि कैलाश जैसे तीर्थस्थल भारत की आत्मा की धड़कन हैं। ऐसे पावन परिवेश में आयोजित यह शताब्दी समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार और साधना परंपरा के नवजागरण का संदेश देता है।मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बचाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किया गया है। सख्त दंगारोधी कानून एवं धर्मांतरण कानून भी लाया गया है मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 10 हजार एकड़ से अधिक अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है।केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार के त्रिवेणी संगम यह शताब्दी समारोह नवयुग का निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व की महान सभ्यताओं का निर्माण सामूहिक चरित्र निर्माण के माध्यम से ही संभव हुआ है। जब समाज के व्यक्ति नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन का आधार बनाते हैं, तभी सशक्त संस्कृति और स्थायी सभ्यता का निर्माण होता है। जनशताब्दी समारोह इसी सामूहिक चेतना को जाग्रत करने का महत्त्वपूर्ण प्रयास है।शताब्दी समारोह के दलनायक एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समारोह किसी वैराग्यपूर्ण एकांत तपोभूमि का आयोजन नहीं है, बल्कि यह युगऋषि पूज्य आचार्यश्री का "खोया-पाया विभाग" है, जहाँ व्यक्ति स्वयं को और अपने दायित्व को पुन: खोजता है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य किसी के द्वार पर खड़ा होकर प्रतीक्षा नहीं कर रहा, वरन् यह आयोजन स्वयं आपके सौभाग्य का द्वार खोलने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने समाज परिवर्तन का संदेश देते हुए कहा कि "गंगा की कसम, यमुना की कसम, यह ताना-बाना बदलेगा। कुछ हम बदलें, कुछ तुम बदलो, तभी यह जमाना बदलेगा।" उन्होंने जनसमूह से आत्मपरिवर्तन को ही सामाजिक परिवर्तन की प्रथम शर्त बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति स्वयं बदलने का साहस करता है, तभी राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण की नींव सशक्त होती है। शताब्दी समारोह का उद्देश्य भी इसी चेतना को जाग्रत करना है, ताकि विचार, आचरण और कर्म के स्तर पर सकारात्मक बदलाव संभव हो सके।शताब्दी समारोह के अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज, राज्य मंत्री विनय रुहेला, सुदर्शन न्यूज के प्रबंध निदेशक सुरेश चव्हाण, ईडी के पूर्व निदेशक राजेश्वर सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने विशिष्ट अतिथियों सहित न्यायाधीश परविन्दर सिंह, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, स्वामी सम्पूर्णानंद जी, स्वामी वेलु बापू जी,के नारायण राव,रमेश भट्ट ,दिनेश काण्डपाल, आचार्य डॉ दयाशंकर विद्यालंकार, आदि को शांतिकुंज का प्रतीक चिह्न, गंगाजली, रुद्राक्ष की माला तथा युग साहित्य आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।राजा दक्ष की नगरी कनखल के वैरागी द्वीप की भूमि पर जब शताब्दी ध्वज लहराया, तो मानो एक युग ने अपने गौरवशाली अतीत को नमन करते हुए नव संकल्प लिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वाधान में आयोजित गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी व अखण्ड दीपक के शताब्दी समारोह का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ श्रद्धामय वातावरण में हुआ। यह आयोजन 23 जनवरी तक चलेगा।इस कार्यक्रम में विधायक हरिद्वार श्री मदन कौशिक, दायित्वधारी श्री श्यामवीर सैनी, श्री देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति, जिला अध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।




# राजनगर में मिल्क प्लांट पर रार: प्रशासन ने दिया 28 जनवरी तक जमीन खाली करने का अल्टीमेटम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ग्राम राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को लेकर जिला प्रशासन और प्रभावित परिवारों के बीच टकराव चरम पर पहुंच गया है। डेयरी विकास विभाग ने प्रभावितों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए आगामी 28 जनवरी तक भूमि खाली करने के सख्त निर्देश दिए हैं। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा के भीतर जमीन खाली नहीं की गई, तो प्रशासन की मदद से बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया जाएगा।डेयरी विकास विभाग के अनुसार, उक्त भूमि वर्ष 2003 में ही जिला प्रशासन द्वारा मिल्क प्लांट की स्थापना हेतु विभाग को हस्तांतरित कर दी गई थी। विभाग ने इस पर तार-बाड़ कर निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन कुछ परिवारों द्वारा टेंट लगाकर धरना शुरू करने से सरकारी कार्य में बाधा आ रही है। इस मामले में 8 जनवरी को डेयरी विभाग के सहायक निदेशक राजेंद्र चौहान और तहसीलदार हिमांशु जोशी सहित राजस्व टीम ने मौके पर जाकर वार्ता का प्रयास किया था, जो विफल रहा। सहायक निदेशक राजेंद्र चौहान का कहना है कि यह पूरी तरह सरकारी भूमि है और सरकारी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए अवैध अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है।वहीं दूसरी ओर, प्लांट के विरोध में प्रभावित परिवारों का धरना रविवार को 16वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने दो टूक कहा है कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे। धरने को समर्थन देने पहुंचे पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने आरोप लगाया कि राजस्व अभिलेखों में उपजाऊ कृषि भूमि को गलत तरीके से बंजर दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि लहलहाती सरसों की फसल को उजाड़कर उद्योग स्थापित करना किसानों के साथ अन्याय है। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार इस उद्योग को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करे।धरने में पूर्व दर्जा मंत्री बलवंत बोरा, भगवान पांडे, उषा मिस्त्री, सती मंडल, कविता बाछाड़, सुनील हालदार, प्रशांत मंडल, सागर मंडल, सुभाष मंडल, चक्रधर, विश्वजीत मंडल और कमला हालदार सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। 28 जनवरी की मियाद नजदीक आने के साथ ही क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन बल प्रयोग का रास्ता अपनाता है या बातचीत के जरिए कोई समाधान निकलता है।



# बसंत के आगमन से पहले ही खिला बुरांश

उत्तरकाशी। औषधीय गुणों का खजाना कहा जाने वाला बुरांश बसंत के आगमन से पहले ही खिल आया है। असमय खिला बुरांश का फूल सिर्फ एक प्राकृतिक घटना ही नहीं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों की ओर इशारा कर रहे हैं। सामान्य समय सीमा से पहले खिलने से बुरांश की गुणवत्ता और उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ सकता है। जिसे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी गम्भीर खतरा माना जा रहा है। समुद्रतल से 1500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर उगने वाले बुरांश के फूल का खिलने का समय मार्च अप्रैल माह होता है, तब उत्तराखण्ड का राज्य वृक्ष बुरांश पूरे सबाब पर होता है और अपने लाल रंग से पहाड़ियों को लालिमा से भर देता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वजह से इस वर्ष जनवरी मध्य से पहले ही बुरांश खिल आया है।



# एनडीआरएफ के जवानों ने तनाव मुक्त की सीखे गुर

गदरपुर। आपातकाल स्थिति में बचाव के लिए गदरपुर के एनडीआरएफ के जवानों का नाम क्षेत्र में सर्वोत्तम स्थान रहता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को गदरपुर में 15वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के कमांडेंट कार्यालय में कमांडेट संतोष कुमार के नेतृत्व में तनाव प्रबंधन पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डा. ईश कुमार डल्ला ने तनाव के प्रमुख कारणों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं, कार्य का अत्यधिक दबाव, पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में तनाव, आर्थिक समस्याएं और भविष्य की चिंता तनाव के मुख्य कारण हैं।' इस मौके पर एनडीआरएफ के कमांडेंट संतोष कुमार,राजेन्द्र जोशी,परमेन्द्र कुमार सिंह,सुनील कुमार,रोहिताश्व मिश्रा, दीपक भटट,अवनीश पुरोहित,मोहिनी आर्या,भपेन्द्र कोटनाला, मनोज जोशी,निरीक्षक सुभांशु जोशी आदि रहे।






# बाबा भुम्मन शाह की याद में आयोजित किया गया धार्मिक समागम एवं लंगर

गदरपुर । कंबोज समाज के पूजनीय बाबा भुम्मणशाह के 278 वें पावन जयंती पर कार्यक्रम डेरा बाबा भूमन शाह ग्राम बेवक्ता तहसील गदरपुर में आयोजित किए गए । ग्राम पदमपुर के ज्ञानी प्रेम सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन करके बाबा भुम्मन शाह के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया उन्होंने बताया कि डेरा परिसर में स्थित स्थानीय गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आठ अखंड पाठ के भोग के उपरांत सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई । अन्य वक्ताओं द्वारा गुरु नानक देव जी एवं बाबा भुम्मन शाह की शौर्य गाथा को वर्णित किया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि भारत विशेष कर पंजाब के बंटवारे के उपरांत आए सैकड़ो ग्रामीणों द्वारा गुरुद्वारा स्थापित किया गया,जहां पर हर वर्ष मकर संक्रांति के पांचवें दिन भारी समागम आयोजित किए जाते हैं एवं गुरु का लंगर भी अटूट बांटा जाता है । इस दौरान दूरदराज से आई संगत के अलावा दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान सजाकर व्यापार किया गया। दिन भर गुरु का लंगर अटूट चलता रहा । विशेष कर सेवादारों, ग्रामीण पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा लंगर तैयार करने की सेवा स्वयं ही की गई।



# नवाबगंज गुरुद्वारे में सजे भारी दीवान, श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में किया स्नान

## 21 से 23 जनवरी तक रतनपुरा में होगा गुरमत समागम, भाई रणजीत सिंह ढढरियां वाले करेंगे शिरकत

गदरपुर (उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज में माघ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर भारी दीवान सजाए गए। इस दौरान पवित्र सरोवर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और आयोजित गुरमत समागम में सहभागिता की। गुरुद्वारा परिसर में दिन भर गुरु का लंगर अटूट बरतता रहा। धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए, जिसके उपरांत रागी भाई हरजीत सिंह ने मधुर गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। भाई जसवीर सिंह ने कथा के माध्यम से गुरु चरणों से जुड़ने का संदेश दिया और सर्वत्र सुख-शांति की अरदास की गई। कविश्री जत्था भाई दविंदर सिंह ताज और भाई सतनाम सिंह शौकी की टीम ने गुरु साहिबान के सिद्धांतों एवं शहीद हुए 40 मुक्तों के गौरवशाली इतिहास का श्रवण कराया। कार्यक्रम में मीरी पीरी खालसा एकेडमी रतनपुरा के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गुरु घर के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की।



कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए भाई करमजीत सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 21, 22 एवं 23 जनवरी को मीरी पीरी खालसा एकेडमी रतनपुरा में भव्य गुरमत समागम आयोजित होगा। इस समागम में सुप्रसिद्ध प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढढरियां वाले प्रतिदिन प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक गुरबाणी कथा, कीर्तन और गुरु इतिहास के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। समागम के अंतिम दिन 23 जनवरी को अमृत संचार का भी आयोजन किया जाएगा। प्रबंधकों ने समस्त क्षेत्रीय एवं दूर-दराज की संगत से इस आध्यात्मिक समागम में सपरिवार पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आहवान किया है।

# आम आदमी पार्टी ने फूंका 2027 का चुनावी बिगुल, सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

## प्रदेश कार्यकारिणी संवाद में संगठन मजबूती पर मंथन, सैकड़ों ने थामा झाड़ू

गदरपुर (उद संवाददाता)। 65 विधानसभा गदरपुर के दिनेशपुर स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पार्टी के उत्तराखंड में शीघ्र ही नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी और पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर पूरे दमखम के साथ उतरेगी। वक्ताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर आम जनता में भारी आक्रोश है और लोग अब एक मजबूत विकल्प की तलाश में हैं।कार्यक्रम का नेतृत्व बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह और सुभाष में मुख्य रूप से सुभाष माझी, सुशील भक्त, राकेश कुमार, चेतन, तपन घरमी, गोविंद घोष, महाराज कुमार, सुकुमार मंडल, श्यामल मंडल, इरफान अली, प्रकाश माझी, गोकुल राय और उत्तम कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।





प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. युवराज भारद्वाज की मौजूदगी में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश और जिला को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों ने संगठन विस्तार और मजबूती पर मंथन किया।पार्टी नेताओं ने स्पष्ट किया कि पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उत्तराखंड के मूल मुद्दों को प्राथमिकता देगी। वक्ताओं ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता दोनों दलों के शासन से त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपर लीक और व्यापारी ने किया। इस दौरान सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी को तीसरे विकल्प के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र गाबा ने किया। सदस्यता लेने वालों इस अवसर पर देवेंद्र कौटिल्य, डीके पाल, श्याम बाबू पांडे, अब्दुल कादिर, श्यामलाल, डीके कॉलोनी, धर्मेंद्र सिंह इंजीनियर, शादाब आलम, जगतार सिंह बाजवा, दुष्यंत कुमार, प्रेम सिंह, आनंद कुमार राणा, प्रभास मंडल और मनोरंजन सन सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खनन पर आधारित बांग्ला फिल्म 'खनन 23' के पोस्टर का विमोचन

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की नदियों में होने वाले खनन की पृष्ठभूमि पर आधारित बांग्ला फीचर फिल्म 'खनन 23' के पोस्टर का एक सादे समारोह में विमोचन किया गया। गूलरभोज मार्ग स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में फिल्म के निर्देशक, कलाकारों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान फिल्म का पोस्टर जारी करने के साथ ही पर्दे पर फिल्म का ट्रेलर भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने काफी सराहा।प्रताप दत्ता के निर्देशन में बनी यह फिल्म पूरी तरह से उत्तराखंड के खनन परिदृश्य पर आधारित है। फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका पश्चिम बंगाल के सुप्रसिद्ध अभिनेता सुमित गांगुली ने निभाई है, जबकि



मुख्य अभिनेत्री के रूप में पश्चिम बंगाल की कलाकार प्रियंका नजर आएंगी। फिल्म की खास बात यह है कि इसमें तराई के शक्तिफार्म, दिनेशपुर और रुद्रपुर सहित उत्तराखंड की विभिन्न मनोरम लोकेशन्स पर शूटिंग की गई है। लगभग डेढ़ घंटे की इस फिल्म में दर्शकों को भरपूर रोमांच और एक्शन देखने को मिलेगा।फिल्म में कोलकाता के कलाकारों के साथ-साथ शक्तिफार्म, दिनेशपुर, रुद्रपुर और दिल्ली के स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर किरदारों में शामिल सुमंत विश्वास, मनोज राय, संजय बाछाड़, विजय मंडल, रंजीत ढाली, रीता चक्रवती, परिमल राय, रेखा राय, राकेश सरकार और कैमरामैन काली पद विश्वास मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में हिमांशु सरकार, सुभाष व्यापारी, प्रशंनजीत शाह, दीपंकर मंडल, रवि सरकार, मनोज राय, दिलीप मंडल, जगदीश राय और असीत मंडल सहित कई लोग उपस्थित रहे और फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जाट महासभा ने खिचड़ी महोत्सव में सैकड़ों राहगीरों को कराया भोज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड जाट महासभा की रुद्रपुर कार्यकारिणी की ओर से मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर खिचड़ी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। रुद्रपुर बस स्टैंड के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 2500 राहगीरों, जरूरतमंदों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण की।महोत्सव के दौरान सेवा भाव के साथ लोगों को खिचड़ी वितरित की गई। इस पुनीत कार्य में उत्तराखंड जाट महासभा रुद्रपुर के अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह सहरावत, सचिव चौधरी पुष्पेंद्र सिंह,



कोषाध्यक्ष चौधरी सचिन देशवाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी प्रवीण तोमर ने सक्रिय भागीदारी की। पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक पर्वों पर इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता और सेवा की भावना प्रबल होती है।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष चौधरी अरेंद्र सिंह मालिक, उपाध्यक्ष चौधरी राजकुमार सिंह, उपसचिव मनदीप दहिया, उपकोषाध्यक्ष चौधरी दुष्यंत सिंह और मीडिया प्रभारी चौधरी हरजीत राठी ने भी व्यवस्थाएं संभालीं। इसके अलावा प्रचार मंत्री सुधीर डगर, सदस्य बसंत चौधरी, रमन चौधरी, चौधरी विपिन बालियां, चौधरी अमरेंद्र डगर, संजय चौधरी, चौधरी अजीत सिंह, चौधरी विकास डागर, चौधरी हरवीर सिंह, चौधरी आशीष पुनिया, चौधरी रणबीर सिंह, चौधरी सौरभ और चौधरी पातर सहित महासभा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# सम्मेलन में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड सभागार में मालिकाना हक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित जन सम्मेलन में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर किसी भी निवासी को वहां से बेदखल नहीं किया जा सकता।अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत पारंपरिक वन निवासियों को बेदखली से सुरक्षा का कानूनी अधि अनुसार, पहले टोंगिया पद्धति और वनग्रामों की सूची प्रकाशित होनी चाहिए, जिसके बाद वन अधिकार समितियों का गठन कर दावे आमंत्रित किए जाने चाहिए। लेकिन उत्तराखंड में बिना समिति गठन और बिना विधिवत जताते हुए कहा कि गुर्जर समुदाय और पर्वतीय क्षेत्रों में पीढ़ियों से रहने वाले लोगों को 'अवैध अतिक्रमणकारी' बताया जा रहा है। अन्य राज्यों से प्रशिक्षण लेकर आने वाले नए अधिकारियों को उत्तराखंड की पारंपरिक सामाजिक और वन






सरकार और वन विभाग को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने पारंपरिक वन निवासियों के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग कानून की मूल भावना के विपरीत कार्य कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक वन भूमि पर निवास से जुड़े दावों का पूर्ण निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक कार प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद जमीनी स्तर पर इस कानून का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने वन विभाग पर एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग ने मनमाने ढंग से हजारों दावों को एक ही दिन में निरस्त कर दिया, जो पूरी तरह गैर-कानूनी है। अधिनियम के प्रक्रिया के ही दावों को खारिज किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस गंभीर मामले को पूर्व में हाईकोर्ट में भी उठाया गया था, जिस पर न्यायालय ने आदेश दिया था कि दावों की जांच के लिए गठित समिति में विधिक सेवा प्राधिकरण के एक सिविल जज को सदस्य बनाया जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने चिंता व्यवस्था की जानकारी नहीं है, जिसके कारण टकराव की स्थिति पैदा हो रही है। पुछड़ी गांव में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और वनवासियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है ताकि वे एकजुट होकर अपनी जमीन और हक की लड़ाई लड़ सकें।

# गणतंत्र दिवस परेड में अल्मोड़ा की बेटी नयना बिष्ट संभालेंगी कमान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नगर की मूल निवासी व ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून में बीटेक की छात्रा नयना बिष्ट का गणतंत्र दिवस परेड 2026 कर्तव्य पथ नई दिल्ली के लिए चयन हो गया है। एनसीसी 11 यूके गर्ल्स बटालियन देहरादून में अंडर सीनियर ऑफिसर है। उनके चयन पर गृह क्षेत्र अल्मोड़ा में खुशी



की लहर है। नयना के ग्राफिक एरा कॉलेज देहरादून में बीटेक की छात्रा है। उनके कठिन अभ्यास अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन होने पर एनसीसी अधिकारियों कॉलेज प्रशासन और अल्मोड़ा में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। नयना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों को देती है। उनका कहना है कि शिक्षकों का मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारियों का अनुशासनात्मक परीक्षण व परिवार का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन ही इस उपलब्धि की मजबूत नींव बनी। उनके पिता प्रकाश बिष्ट एक प्रसिद्ध रंगकर्मी है। माता प्रीति बिष्ट एक समाज सेविका है। अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल सहित नगर के सम्मानित लोगों ने उन्हें उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

# पशु प्रदर्शनी में पशुपालकों को किया सम्मानित

बाजपुर (उद संवाददाता)। पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम सभा हरसान में विकास खंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पशु चिकित्सा डॉक्टर आशुतोष जोशी, विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, जिला पंचायत सदस्य योगेश डोभाल, मधुबन क्लस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी, ग्राम प्रधान उर्मिला पंथ उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पशुपालक अपने पशुओं के साथ उपस्थित रहे। जिसमें गाय हीफर वर्ग में तारा कोली, रामादेवी, गोविंद सिंह, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। भैंस हिफर वर्ग में राहुल, किशन सिंह, खेम सिंह, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। भैंस दुधारू वर्ग बग्गा सिंह, हेमा जोशी ,हीरा सिंह, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। गाय दुधारू वर्ग श्यामू राम, नंदी देवी, ममता देवी, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। भैंस कटिया वर्ग आनंद प्रसाद, हरीश सिंह,सीमा भारती, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। गाय बछिया वर्ग पूरन सिंह बिष्ट, रामादेवी, प्रेमा देवी, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम स्थान प्राप्त कर हुए पशुओं में से चैंपियन पशु को चुना गया। जिसमें चैंपियन पशु में बग्गा सिंह जी की भैंस को चैंपियन घोषित किया गया। इस मौके पर पशुपालक ने कहा कि जिस प्रकार सरकार ने लावारिस नदियों की पालने की व्यवस्था की है इस प्रकार आवारा छोड़ दी गई गायों की भी कोई व्यवस्था की जाए।



पूरन सिंह बिष्ट ने बाजपुर क्षेत्र में पशुओं की एक लैबोरेट्री की मांग की साथ ही मधुबन क्लस्टर की। अध्यक्ष उमा जोशी उन्होंने पशुपालन को आजीविका का एक बहुत ही अहम हिस्सा बताया। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी आज पशु सखी के रूप में कार्य कर रही है जो गांव-गांव घर-घर जाकर पशुओं को टीकाकरण व प्राथमिक उपचार देने का कार्य कर रही है। जिससे कि पशुपालक को लाभ मिल रहा है।उन्होंने सभी विजेता पशुपालकों को बधाई दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जोशी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया और उपस्थित पशुपालकों की समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर डॉ रवि शंकर झा, वरिष्ठ पशु चिकित्सक गदरपुर, डॉ सुधांशु मिश्रा जसपुर, डॉ मुकेश पांडे, डॉ रवि कुलवे, डॉ कोमल सिंह, डॉ रोहित, अशोक पंत , नवीन पंथ, भगवान सिंह नेगी, पशु सखी नीलम भट्ट, लता दानी, कमलेश देवी सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी में फुटपाथ बचाओ आंदोलन जारी

हल्द्वानी। बुद्ध पार्क में फुटपाथ बचाओ आंदोलन 14वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने धरना स्थल से एसडीएम कोर्ट तक कैंडल मार्च निकाला था। इसमें उन्होंने फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने की मांग की। रविवार को कैंडल मार्च के बाद वक्ताओं ने कहा कि अक्तूबर में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी कर कहा था कि शहर के नागरिकों को पैदल चलने के लिए सुरक्षित और अतिक्रमण-मुक्त फुटपाथ मिलें। इसके तीन माह बीतने के बाद भी जिला प्रशासन की कोई ठोस कार्य योजना सामने नहीं आई है। कहा कि यदि नागरिक सहयोग के लिए तैयार हैं तो सरकार व संबंधित निकायों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। वक्ताओं ने चकबंदी मंच उत्तराखंड के अध्यक्ष केवलानंद के नेतृत्व में मुहिम को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया। वहां तनिष कांडपाल, मनोज कांडपाल, यतीश पंत, जीवन चंद्र पंतोलिया, भगवान राणा, जितेंद्र सिंह आदि थे।

# ऐतिहासिक मंदिरों एवं मूर्तियों को तोड़ने के विरोध में फूंका भाजपा सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनारस एवं दिल्ली में वर्षों पुराने मंदिरों तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों को चेन से खींचकर तोड़े जाने की घटनाएँ दुख व्यक्त करते हुए इन घटनाओं के विरोध में बुद्ध पार्क में विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विधायक सुमित ने कहा कि सनातन परंपरा के प्रतीक मंदिर एवं देवी-देवताओं की मूर्तियाँ केवल पूजन स्थल नहीं,बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक चेतना, आस्था और सभ्यता की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि काशी स्थित मणिकर्णिका घाट, जिसकी सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और विशेष महत्ता है, वहाँ यह मान्यता है कि यदि किसी की अंत्येष्टि मणिकर्णिका घाट में हो जाए तो उसे सीधे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह घाट केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि पुराणों में वर्णित सनातन परंपरा और धार्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पावन घाट के आसपास स्थित प्राचीन मंदिरों एवं उनमें स्थापित देवी देवताओं की मूर्तियों को जेसीबी मशीनों से तोड़ा गया। यह कृत्य सनातन धर्म की घोर अवहेलना है और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरी और गंभीर चोट है।भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने तथाकथित 'कॉरिडोर' के नाम पर जिस प्रकार धार्मिक स्थलों और सनातन प्रतीकों को नुकसान पहुँचाया है, वह न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि उनकी आस्था-विरोधी मानसिकता को भी उजागर करता है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि काशी जैसे पवित्र और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल में मंदिरों एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़े जाने की घटना अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय और आस्था को गहरा आघात पहुँचाने वाली है। काशी केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत की



सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। वहाँ इस प्रकार की घटनाएँ यह सिद्ध करती हैं कि भाजपा सरकार में सनातन धर्म और उसकी आस्थाएँ सुरक्षित नहीं हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि दिल्ली के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र झंडेवाला मंदिर को तोड़े जाने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। यह केवल एक मंदिर को नुकसान पहुँचाने का मामला नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था पर सीधा हमला है। भाजपा सरकार के शासन में देश की राजधानी तक में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जो सरकार की नाकामी और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। पुतला दहन के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने कहा कि धार्मिक स्थलों एवं सनातन आस्था के प्रतीकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है, लेकिन भाजपा सरकार इस जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषी अधिकारियों एवं असामाजिक तत्वों की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए भविष्य में मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हेतु ठोस, प्रभावी और स्थायी व्यवस्था लागू किए जाने की मांग की। पुतला दहन कार्यक्रम में हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, हेमंत बगड़वाल, प्रकाश पांडे, हरेंद्र बोरा, एन.बी. गुणवंत, सुहैल सिद्दीकी, नंदन दुर्गापाल, खजान पांडे, मलय बिष्ट, बहादुर बिष्ट, मयंक भट्ट, हेमंत साहू, प्रदीप नेगी, पार्षद भागीरथी बिष्ट, कमला सनवाल, रेनू तोमर, गीता बहुगुणा, अलका आर्य, भगवती जोशी, पुष्पा सम्मल, योगेश जोशी, पार्षद रवि जोशी, विनोद कुमार, पार्षद मोहम्मद गुफरान, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, गोविंद बिष्ट, हेमंत पाठक, हिमांशु जोशी सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद स्तरीय खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, कबड्डी और वॉलीबॉल में कड़े मुकाबले





## अर्जुन अवार्डी मनोज सरकार ने किया उद्घाटन, 14 विधानसभाओं की बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के लिए सांसद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज हो गया है। रुद्रपुर के मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित शिवालिक हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र की 14 विधानसभाओं की अंडर-14 और अंडर-19 बालिका वर्ग की खिलाड़ियों ने कबड्डी, वॉलीबॉल और गोली (कंचा) स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक बैडमिन्टन खिलाड़ी और अर्जुन अवार्डी मनोज सरकार ने किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मनोज सरकार ने खिलाड़ियों को खेल के नियमों का पालन करने और वास्तविक खेल



भावना व अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और स्थानीय स्तर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।प्रतियोगिता के परिणामों में अंडर-14 कबड्डी में भीमताल, खटीमा, गदरपुर, रुद्रपुर और सितारगंज की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि लालकुआं और खटीमा ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वॉलीबॉल अंडर-14 में हल्द्वानी, कालाढूंगी, खटीमा, लालकुआं, काशीपुर और भीमताल की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, जिनमें से हल्द्वानी और कालाढूंगी ने सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। गोली (कंचा) स्पर्धा में बाजपुर की रिप्यांशी प्रथम और सोफिया द्वितीय स्थान पर रहीं।अंडर-19 वर्ग की कबड्डी स्पर्धा में बाजपुर, भीमताल, रुद्रपुर और सितारगंज की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की। वॉलीबॉल में रुद्रपुर, खटीमा, लालकुआं और काशीपुर की टीमों ने अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि हल्द्वानी की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। अंडर-19 गोली स्पर्धा में बाजपुर विधानसभा का दबदबा रहा, जिसमें स्वाती प्रथम, राधिका द्वितीय और रेजा तृतीय स्थान पर रहीं।कार्यक्रम का संचालन हरीश दनाई ने किया। मैचों के सफल संपादन में मैच रेफरी दिनेश सिंह, बृजेश दुबे, कमल सक्सेना, गोकुल चन्द्र लोहनी, विकास कुमार, श्याम भट्ट, तनुजा, हर्षदीप सिंह, रोहित चौधरी और विमल पाण्डे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी यशवंत कुमार, अमित कुमार, नवीन चन्द्र, मुकेश गौड़, दिलशाद, नंद किशोर जोशी और राजेंद्र लाल वर्मा सहित खेल विभाग के अनेक अधिकारी व प्रशिक्षक उपस्थित रहे। अंत में जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने सभी प्रतिभागियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने रोड शो निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

रुद्रपुर/काशीपुर (उद संवाददाता)। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने रविवार को मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शहर में रोड शो निकाल अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के नेतृत्व में यह रोड शो मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश रोड, झील मोड, ट्रांजिट कैम्प रोड होते हुई फुटबॉल मैदान में सम्पन्न हुई। रोड शो में 150 से अधिक कारें और 200 से ज्यादा बाइक शामिल रहीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोशपूर्ण नारे लगाकर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने कहा कि यह रोड शो यादव, सतपाल गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, चन्द्रपाल, हेमू यादव, तरूण दत्ता,दर्जाधारी उत्तम दत्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी ललित राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल, ओबीसी मोर्चा के महामंत्री राजवीर कश्यप, रविपाल, योगेश वर्मा अध्यक्ष महेश प्रजापति के पदभार ग्रहण के अवसर पर आयोजित इस रोड शो की शुरुआत काशीपुर मंडी समिति गेट हाउस से हुई। शो मुख्य चौराहा, आलू फार्म, कौशल्यापुरी, बाजपुर होते हुए गदरपुर तक पहुंचा। इसके बाद कार्यक्रम रुद्रपुर स्थित गल्ला मंडी में संपन्न हुआ।रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा






महामंत्री रवि पाल व अन्य पधारिकारियों का स्वागत करने के बाद खाटू श्याम मंदिर, गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर ट्रांजिट कैंप स्थित फुटबॉल मैदान तक निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी मौजूद रहे। कार एवं बाइक रैली खाटू श्याम मंदिर गल्ला मंडी से शुरू होकर भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार, अग्रसेन चौक, डीडी चौक, किच्छा बाईपास संगठन मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, जो आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा भाजपा राष्ट्रवाद, विकास, सुशासन, सबका साथ सबका विकास पर विश्वास रखती है। रोड शो में प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री संदीप बाजवा,महेश प्रजापति, नन्हे कश्यप, रवि रस्तोगी, मनोज प्रजापति, अजय मौर्य, एसपी आदि रहे। **काशीपुर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा (उत्तराखंड) की ओर से रविवार को काशीपुर में भव्य रोड शो निकाला गया। रोड शो में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मौर्य तथा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रवि पाल,भाजपा जिला अध्यक्ष काशीपुर मनोज पाल मुख्य रूप से शामिल रहे। ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पूरे मार्ग पर प्रशासन व पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखी गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर शक्ति-प्रदर्शन किया। इस मौके पर राजवीर कश्यप, ब्लॉक प्रमुख हरिद्वार कवीन्द्र चौधरी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष चन्दन का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जनपद नैनीताल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंदन बिष्ट के लालकुआं आगमन पर युवा मोर्चा मंडल लालकुआं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, महामंत्री बॉबी संभल, गोविंद राणा, राज किरण सेतिया, युवराज सिंह खाती, प्रिंस भारद्वाज, अभिषेक सिंह, प्रिंस दानू, तनिष्क कार्की, हिमांशु कुनियाल, अर्जुन सिंह, करन तिवारी, परितोष बिष्ट, अभय बिष्ट, लकी नेगी सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री बिष्ट को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पाण्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे,राम आयेंगे...

## सिद्धेश्वर श्री बाला जी मंदिर धाम में सजा श्री बाला जी दरबार, अंजली, रितिक और मन्नी सिंह के भजनों पर झूमें बाबा भक्त

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिद्धेश्वर श्री बाला जी मंदिर धाम आदर्श कालोनी के 26 वें श्री बाला जी वार्षिक महोत्सव में रविवार की रात्रि मंदिर में श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें मुम्बई की अंजली सागर, दिल्ली के रितिक गुप्ता, पंजाब के मन्नी सिंह और श्री बांके बिहारी मंदिर के मुख्य सेवाधिकारी श्री अनन्त गोस्वामी महाराज द्वारा श्री बाला जी महाराज के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान किया गया। उनके द्वारा गाये भजनों को सुनकर उपस्थित सैकड़ों बाबा भक्त जयघोष करते हुए झूमने लगे। इससे पूर्व मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। सर्वप्रथम श्री बाला जी दरबार में पावन ज्योति प्रज्जवलित की गई। तत्पश्चात बाला जी के भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मुम्बई से आई भजन गायिका अंजली सागर ने राम सिया राम सिया राम जय जय राम, दुनियां में देव हजारों हैं बजरंगी का क्या कहना, मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे प्रभु श्री राम आयेंगे, सुबह शाम आठों धाम बस काम किये जा, खुश होंगे हनुमान राम राम किये जा, किस्मत का खोल दे ताला जी सालासर वाले मेरे बाला जी, कहते हैं लोग इसे राम का दीवाना छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, त्हारी जय हो पवन कुमार मैं वारी जाऊं बाला जी, कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरी राम जी से कह देना जय सिया राम, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाये, हर जुबां पर राधा राधा राधा नाम हो जाये, मैं तो आई वृन्दावन धाम किशोरी तेरे चरणों में, सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया आदि भजन



सुनाकर उपस्थित बाबा भक्तों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं पंजाब से आये मन्नी सिंह ने देख लो मेरे दिल के नगीने में, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने मे, जय जय बजरंग बली जो भी तुझको दिल से पुकारे उसकी विपदा टली, श्री राम जी का डंका लंका में बजवा दिया बजरंग बाला ने, हनुमान को खुश करना आसान होता है सिंदूर चढ़ाने से हर काम होता है, राम आयेंगे तो अंगना मैं सजाऊंगी, राम जी के मंदिर में दीपक जलाऊंगी, मेरे बाबा जी महाराज का जयकारा गूंजे गली गली सहित कई भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर बाबा भक्त खुद को नाचने से नहीं रोक सके और भजनों के साथ साथ ताली बजाते हुए नाचते रहे। इसके साथ ही दिल्ली के रितिक गुप्ता और श्री बांके बिहारी मंदिर के मुख्य सेवाधिकारी श्री अनन्त गोस्वामी महाराज द्वारा भी श्री बाला जी महाराज के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान किया गया। आज प्रात: विधि विधान से श्री बाला महाराज जी के दरबार का समापन कर आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महंत रमेश वशिष्ठ व ब्रजराज आचार्य अभिषेक वशिष्ठ सहित कार्यक्रम अध्यक्ष संजय राजपूत, महामंत्री मिंटू शर्मा, शुभम वशिष्ठ, मयंक वशिष्ठ, मुकेश वशिष्ठ, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, पवन गाबा, हरीश गुम्बर, विकास गुम्बर,राजीव गुप्ता, तनु गुप्ता, कुसुम गुप्ता, मयंक गुप्ता, अतुल गुप्ता, चिराग बंसल, अरूण बंसल, अनीता बंसल, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, श्वेता गाबा, उदित गाबा, सुधीर अरोरा, सन्नी छावड़ा, उमेश चन्द्र, गौरव अग्रवाल, रिंकू ग्रोवर, सुनील यादव, विक्की मुंजाल, शेखर अग्रवाल, ललित अग्रवाल, जुगनू, हरजीत सिंह, भारत भूषण, नितिन त्यागी, रोहित शर्मा, मनीष गोस्वामी, रोहित अग्रवाल, योगेश त्यागी, राजेश राठौर, दिनेश सुनेजा, विजय चौबे, गोबिंद, श्रवण, मोहित बत्रा, सूरज सचदेवा, राजेश कामरा, रोहन, विश्व नाथ शर्मा, योगेश शर्मा, प्रवेश शर्मा, विष्णु बंसल, पवन अग्रवाल, विनय बंसल, सोनू अनेजा, इन्द्रा शर्मा, नीरज शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, प्रेमलता वशिष्ठ, गुंजन वशिष्ठ, लक्ष्मी देवी, शिवानी शर्मा, निधि वशिष्ठ व शशि शर्मा सहित सैकड़ों बाबा भक्त मौजूद थे।










# पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाले दो आरोपी दबोचे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लोहड़ी की रात नशे के उन्माद में हुए मामूली विवाद ने एक व्यक्ति की जान ले ली। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कुशल निर्देशन में रुद्रपुर पुलिस ने इस कत्ल की गुत्थी को महज 48 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपियों ने नशे की हालत में मारपीट के बाद भारी पत्थर से सिर कुचलकर वारदात को अंजाम दिया था और मौके से फरार हो गए थे। घटनाक्रम के अनुसार बीते 16 जनवरी 2026 को पुलिस को रामपुर रोड स्थित गिल रिसोर्ट के समीप फाजिलपुर महरोला क्षेत्र में एक व्यक्ति का लहूलुहान शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। मृतक की शिनाख्त प्रीत विहार वार्ड संख्या 25 निवासी 45 वर्षीय मलखान सिंह पुत्र भीम



सैन के रूप में हुई। घटनास्थल की स्थिति को देखकर साफ था कि मलखान की हत्या किसी भारी वस्तु से सिर पर वार करके की गई है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद मृतक की पत्नी कोशल्या देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिरों के जाल के जरिए संदिग्धों पर नजर रखना शुरू किया। जांच के दौरान वीरपाल और अमित कोली उर्फ अमिताभ की संदिग्ध भूमिका सामने आई। रविवार को सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए प्रीत विहार शनि मंदिर के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित कोली निवासी रम्पुरा और वीरपाल निवासी गुरुद्वारा रोड रम्पुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से हत्या के समय इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एवाई 9907 भी बरामद कर ली है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने बताया कि लोहड़ी के जश्न के दौरान वे मलखान सिंह के साथ शराब पी रहे थे। अत्यधिक नशे की हालत में उनके बीच किसी पुरानी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गई। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर वीरपाल ने पास पड़े डंडे से मलखान पर हमला कर दिया और फिर पास पड़े एक भारी पत्थर से उसके सिर पर कई प्रहार किए। सिर बुरीतरह कुचल जाने के कारण मलखान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या के बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार होकर अपने घरों को चले गए थे।

# नगर निगम ने पत्रकार एकादश को दी करारी शिकस्त

## सद्भावना क्रिकेट मैच में 56 रनों से मारी बाजी,महापौर ने दो विकेट लेकर किया शानदार प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। फिट इंडिया अभियान को नई ऊर्जा देने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महापौर विकास शर्मा की पहल पर नगर निगम और पत्रकार एकादश के बीच एक सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। गंगापुर रोड स्थित मुंजाल स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में नगर निगम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पत्रकार एकादश को 56 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। मैच का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस उछालकर किया।इस अवसर पर खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह मैच केवल हार-जीत के लिए नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के शिफट इंडियाश् संकल्प





को धरातल पर उतारने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक सुदृढ़ता और आपसी भाईचारा भी बढ़ाते हैं। महापौर ने युवाओं को एक विशेष संदेश देते हुए कहा कि आज के दौर में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर खेलों की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब हम स्वयं फिट और स्वस्थ होंगे, तभी हम समाज और राष्ट्र की बेहतर सेवा कर पाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि सद्भावना मैच की यह श्रृंखला अब हर सप्ताह जारी रहेगी और नगर निगम प्रशासन भविष्य में अन्य सामाजिक संगठनों व विभागों की टीमों के साथ भी ऐसे मुकाबले आयोजित करेगा ताकि शहर में खेल के प्रति सकारात्मक माहौल बना रहे।मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नगर निगम की टीम ने निर्धारित ओवरों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पत्रकार एकादश के सामने 135 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश की टीम नगर निगम की सटीक गेंदबाजी के आगे संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम महज 79 रनों पर ढेर हो गई। नगर निगम की ओर से कप्तान और महापौर विकास शर्मा ने खुद मोर्चा संभालते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की और दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। वहीं, बीएस डांगी ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। महापौर के शानदार प्रदर्शन से खुश होकर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोली ने उन्हें 500 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। नगर निगम की टीम में कप्तान महापौर विकास शर्मा, उप कप्तान बीएस डांगी, जेई हरीश बसेरा, मनोज गहतोड़ी, शुभम पाल, राहुल कोली, ललित कश्यप, रोहित, निर्भय, शुभम कोहरी, नीरज, बॉबी, राहुल, रोहित और शुभम ने अपना कौशल दिखाया। वहीं, पत्रकार एकादश की टीम से राजीव चावला, अजय जोशी, चंदन बंगारी, तापस विश्वास, कंचन वर्मा, चंद्रसेन गंगवार, विनोद भंडारी, बिरेन्द्र बिष्ट, रंजीत कुमार, संजय कनेरा, दुर्गेश मौर्या, सुरेन्द्र शर्मा, मनोज आर्या, नरेश मिश्रा, अंकुर तिवारी, शाहिद खान और साक्षी सक्सेना ने मैदान में पसीना बहाया। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'महायुति' की बड़ी जीत

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन 'महायुति' ने जीत का परचम लहरा दिया है। साथ ही अविभाजित शिवसेना की लगातार ढाई दशक से चली आ रही सत्ता की विरासत को भी छीन लिया है। भाजपा इस चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जो उसके बढ़ते जनाधार का संकेत है।वहीं, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भले हार गई, मगर वह अपनी कुछ साख बचाने में कामयाब रही है। अब सवाल यह है कि बीएमसी का नया महापौर कौन होगा और महायुति में शामिल किस दल का होगा? इसको लेकर जीत हासिल करने वाले गठबंधन के बीच जोर-आजमाइश भी शुरू हो गई है।हालांकि, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को भाजपा से काफी कम सीटों पर जीत हासिल हुई है, मगर वह महापौर की दावेदारी में बनी हुई है। सवालों और सियासत के इस क्रम में यह उम्मीद ज्यादा महत्त्वपूर्ण है कि बीएमसी की नई सत्ता मुंबई के संपूर्ण विकास के नए द्वार खोलेगी। बीएमसी को देश का सबसे अमीर निगम माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह है इसका बजट, जो देश के कई छोटे राज्यों के बजट से कहीं ज्यादा होता है।यही कारण है कि बीएमसी चुनाव की सिर्फ मुंबई में ही नहीं, बल्कि देश भर में चर्चा होती है। पिछले 25 वर्षों से बीएमसी में अविभाजित शिवसेना की सत्ता रही है। मगर, इस बार के चुनाव में भाजपा नीत महायुति ने शिवसेना के इस किले में ऐसी सेंध लगाई कि उसे सत्ता से बेदखल कर दिया। अब सवाल यह है कि बीएमसी का महापौर भाजपा का होगा या फिर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का।देखा जाए तो बीएमसी चुनाव में भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं और इस लिहाज से महापौर के लिए उसकी दावेदारी सबसे ऊपर है। मगर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने इस पर अभी तक अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट नहीं किया है। अब ऐसी भी खबरें आई हैं कि शिवसेना महापौर का पद पाने के लिए भाजपा पर दबाव बना सकती है। दरअसल, भाजपा ने भले ही बीएमसी चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं, लेकिन आंकड़ों की लिहाज से शिवसेना (शिंदे) के बिना उसका सत्ता में आना मुश्किल है। इस सियासी गणित के जरिए एकनाथ शिंदे दबाव की रणनीति अपना सकते हैं। ये कयास इसलिए भी लगाए जा रहे हैं, क्योंकि शिवसेना (शिंदे) की ओर से पहले भी इस तरह के संकेत दिए जा चुके हैं कि बीएमसी में महापौर उनकी पार्टी से होना चाहिए। हालांकि, सियासी गलियारों में ये अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि भाजपा व शिवसेना बीच का रास्ता निकाल सकती हैं। मसलन, दोनों दलों को ढाई-ढाई साल तक महापौर के पद पर काबिज होने का मौका मिले। बहरहाल, उम्मीद यही की जानी चाहिए कि बीएमसी की बागडोर संभालने वाले मुंबई के विकास को रफ्तार देंगे, लोगों के हित उनकी प्राथमिकता में होंगे और बुनियादी समस्याओं को केंद्र में रखकर नई योजनाएं बनाई जाएंगी। क्योंकि, चुनाव में जनता विकास की उम्मीद एवं विश्वास के साथ प्रतिनिधि चुनती है और इस भरोसे को कायम रखने की जिम्मेदारी भी संबंधित दल और प्रतिनिधि की ही होती है।

# तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा की हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत, चार गंभीर

हरिद्वार। हरिद्वार लक्सर मार्ग पर फेरूपुर के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक, ई-रिक्शा चालक और एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही वाहनों को कब्जे में लेकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई।पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह करीब 10 बजे फेरूपुर के निकट हरिद्वारखलक्सर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग दूर जा गिरे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। एसओ के मुताबिक, हादसे में कार चालक विकास कुमार (25) निवासी फेरूपुर, ई-रिक्शा चालक आस मोहम्मद (27) निवासी नसीरपुर खुर्द लक्सर और चरण सिंह (60) निवासी माजरा कलियर, रुड़की की मौत हो गई। वहीं नीरज निवासी नजीबाबाद (बिजनौर), रणजीत निवासी मोतिहारी (बिहार), दिव्यांशु और नैन्सी निवासी पदार्था गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद यातायात भी प्रभावित रहा। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रार्रंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की वजह मानी जा रही है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।



# कार खाई में गिरी, यूपी के चालक की मौत

टिहरी। कैंपटी-युमना पुल सड़क पर कांडीखाल के समीप एक कार के दुर्घटना ग्रस्त होने से कार चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मसूरी भिजवाया। कैंपटी थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12:35 बजे कैंपटी थाने को सूचना मिली कि कैंपटी से करीब छह किलोमीटर दूर कांडीखाल के पास एक कार करीब 200 मीटर नीचे खाई में गिरी है। सूचना पर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कार के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा



मिला। मृतक की पहचान सनी (35) निवासी कांधला शामली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रावत ने बताया पूछताछ में कार स्वामी पीयूष जैन ने बताया कि सनी कार चालक था। शनिवार रात को कार चालक सहित सभी छह लोग कैंपटी में एक होटल में रुके थे। चालक सनी खाना खाने के बाद रात करीब 11 बजे कार में सोने चला गया। बताया कि रात एक बजे तक कार होटल के बाहर ही खड़ी थी। सुबह सात बजे कार होटल के बाहर नहीं दिखाई दी। जिसके बाद चालक और कार की आसपास खोजबीन की गई,लेकिन कार कई दिखाई नहीं दी। साथ आए लोगों से पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना भेज दी गई है।

# सोशल मीडिया पर युवतियों को परेशान करने का आरोप, दो युवकों को पकड़ा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से युवतियों को आपत्तिजनक मैसेज भेजने और उन्हें परेशान करने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में से एक युवक टैगोर नगर में किराए की दुकान पर सैलून संचालित करता है, जबकि दूसरा युवक शक्तिफार्म बाजार क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। आरोप है कि ये दोनों युवक क्षेत्र की युवतियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मैसेज भेजकर उन पर अनैतिक दबाव बना रहे थे और उन्हें लंबे समय से परेशान कर रहे थे। मामले की भनक लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता और स्थानीय युवक सक्रिय हो गए। उन्होंने सबसे पहले टैगोर नगर स्थित सैलून पर धावा बोलकर एक आरोपी को पकड़ा और उसका मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद दूसरे आरोपी को भी बाजार क्षेत्र से पकड़ लिया गया। प्रारंभिक जांच में उनके मोबाइल फोन से कुछ आपत्तिजनक सामग्री मिलने का दावा किया गया है। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार्यकर्ताओं ने दोनों आरोपियों को पुलिस चौकी ले जाकर उनके मोबाइल फोन सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ और तकनीकी जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि युवतियों की सुरक्षा और सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।




# खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने अवैध सट्टे के कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति को हजारों की नगदी व सट्टा पर्चियों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में कांस्टेबल नरेन्द्र गिरी व शिवम् कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान क्षेत्र में खाईबाड़ी कर रहे एक सट्टेबाजों पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मो. शकील पुत्र स्व. अब्दुल वाहिद निवासी नई बस्ती (ताज मस्जिद के पीछे) वनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पैन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 1460 रुपए बरामद हुई। पुलिस ने शकील को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



# बेकाबू कैंटर ने पैदल युवक को मारी टक्कर

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सितारगंज क्षेत्र के एमपी चौक के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से पैदल चल रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्राम देवनगर निवासी 38 वर्षीय संजीत मंडल पुत्र फकीर मंडल रविवार को अपनी मौसी के घर खटीमा जाने के लिए निकला था। संजीत जब पैदल चलते हुए सितारगंज के मुख्य मार्ग स्थित एमपी चौक के समीप पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कैंटर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संजीत उछलकर सामने से आ रही एक कार से जा भिड़ा और फिर सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसके चलते उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया और उसे नई मंडी परिसर सितारगंज में खड़ा करवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी चालक की तलाश जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने हाईवे पर बढ़ती वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# बेलराइज वर्कर्स यूनियन के साहब सिंह अध्यक्ष व सुनील बने महामंत्री

## लेबर कोड के खिलाफ 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लालपुर स्थित होटल वेलकम में बेलराइज वर्कर्स यूनियन का त्रिवार्षिक सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें साहब सिंह को अध्यक्ष और सुनील कुमार को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार के नए लेबर कोड को श्रमिक हितों पर बड़ा हमला करार देते हुए आंदोलन की रणनीति तैयार की। सम्मेलन में मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित ट्रेड यूनियन 'ऐक्टू' के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार और पूंजीपतियों के गठजोड़ के कारण श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर बनाए गए 4 नए लेबर कोड कॉर्पोरेट मालिकों को फायदा पहुंचाने के लिए हैं। तिवारी ने चेतावनी दी कि इन कोड्स के लागू होने



के बाद यूनियन बनाना असंभव हो जाएगा, जिससे प्रबंधन के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार छिन जाएगा। उन्होंने आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। यूनियन के नवनियुक्त अध्यक्ष साहब सिंह ने कारखाना प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन श्रमिकों की एकता को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाने के बावजूद कंपनी प्रबंधन नियमों का उल्लंघन कर रहा है, जो सत्ता के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। महामंत्री चुने गए सुनील कुमार ने भरोसा दिलाया कि नई कार्यकारिणी श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करेगी। नई कार्यकारिणी में कमलेश डाली को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार व प्रकाश सिंह बोरा को उपमहामंत्री, गोविंद सिंह नेगी को संगठन मंत्री और किशन चंद को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संयुक्त श्रमिक मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह, यजाकि वर्कर यूनियन के रविन्द्र सिंह, प्रभुनाथ, उमेश तिवारी, बृजेन्द्र मण्डल, मोहन नाथ, अमित बत्रा, राजेंद्र राठौर, राम कुमार, निसार अहमद और मीना रानी सहित दर्जनों श्रमिक उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति के उत्थान से ही सशक्त होगा उत्तराखंड: रुचि भट्ट

## रानीखेत में भाजपा महिला मोर्चा का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

रानीखेत (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला रानीखेत की ओर से ताड़ीखेत में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी और कुमाऊं संयोजक अंजू भुड्डी के सम्मान में आयोजित हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रुचि भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड की नारी अत्यंत सशक्त है और राज्य निर्माण के आंदोलन में यहां की महिलाओं की भूमिका अविस्मरणीय रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय महिलाओं में आगे बढ़ने की अपार क्षमता है। महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को उचित बाजार और सही मूल्य दिलाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिला मोर्चा इस विषय को सरकार के समक्ष मजबूती से रखेगा। प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए धरातल पर तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। कुमाऊं मंडलीय संयोजक अंजू भुड्डी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करते हुए आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी और जागरूकता के अभाव में कई बार पात्र महिलाएं लाभ से वंचित रह जाती हैं, जिसके लिए मोर्चा लगातार प्रयासरत है। उन्होंने महिला समूहों की मार्केटिंग संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए धामी सरकार के प्रयासों की सराहना की और स्थायी समाधान के लिए प्रदेश नेतृत्व के माध्यम से पहल करने की बात कही। कार्यक्रम में इससे पूर्व अतिथियों का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री कैलाश पंत, जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट, मोर्चा अध्यक्ष हेमा नेगी, पूर्व प्रमुख धन सिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष दीप भगत, मोहन नेगी और प्रदेश मंत्री विमला रावत सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं स्वामी विवेकानंद: उपाध्याय

शांतिपुरी (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्य मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता गणेश उपाध्याय ने विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे नरेंद्रनाथ दत्त बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा, साहस और आध्यात्मिक चेतना के धनी थे। अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के सानिध्य में उन्होंने जीवन के वास्तविक और सत्य उद्देश्य को प्राप्त किया। गणेश उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिया गया स्वामी विवेकानंद का ऐतिहासिक भाषण आज भी भारत की आत्मा की आवाज माना जाता है, जिसके माध्यम से उन्होंने भारतीय संस्कृति, वेदांत और मानवता के संदेश को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। विवेकानंद का युवाओं पर अटूट विश्वास था और उनका उद्घोष था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उनका मानना था कि केवल आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण के बल पर ही किसी राष्ट्र का उत्थान संभव है। वक्ताओं ने कहा कि विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर समाज सेवा को ही परम धर्म बताया। उनके दर्शन में गरीब और कमजोर वर्ग की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति थी। उनके विचार आज भी देश के नागरिकों को कठिन परिश्रम, साहस और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सभी से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारकर एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर दुग्ध डेयरी संघ निदेशक इंद्र सिंह मेहता, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, चंदन सिंह बिष्ट, विपिन चंद पांडेय, ललित कोरंगा और चंदन नेगी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल और बर्तन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा जरूरतमंद लोगों के लिए सहारा बनकर सामाजिक सरोकारों को पूरा कर रहा है। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा-निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में सचिव शचि शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस व विवेकानंद जयंती के अवसर पर आठ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सचिव शचि शर्मा के निर्देश पर अधिकार मित्र दीपक कुमार ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय पेटसाल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान शिविर में पहुंचे 12 जरूरतमंद ग्रामीणों को डिनर सेट और कंबल वितरित किए गए। शिविर में अधिकार मित्र द्वारा एनसीबी की जीवन को हां कहें, नशीली दवाओं को ना कहें ई-प्रतिज्ञा पहल और नालसा की मादक द्रव्यों के खतरे का उन्मूलन योजना 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को निशुल्क कानूनी सहायता, साइबर अपराध से बचाव, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा और बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। नशे के दुरुपयोग को रोकने के लिए राष्ट्रीय टोल-फ्री नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446, मानस हेल्पलाइन 1933 और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्वामी विवेकानंद चिकित्सालय के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा नुक्कड़ नाटकों और जागरूकता रैलियों के माध्यम से जनता को उनके मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत किया गया।

# शक्तिफार्म-दिल्ली रोडवेज सेवा बदहाल, यात्रियों की बढ़ी मुसीबत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म से देश की राजधानी दिल्ली के लिए संचालित होने वाली उत्तराखंड रोडवेज की सीधी बस सेवा इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही है। बसों के अनियमित संचालन के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न केवल परिवहन विभाग की साख गिर रही है बल्कि राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है।क्षेत्रीय निवासियों के अनुसार, शक्तिफार्म-दिल्ली सीधी बस सेवा बीते लगभग 25 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रही थी और इस मार्ग पर यात्रियों की संख्या भी पर्याप्त रहती है। इसके बावजूद पिछले एक साल से बसों के आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। आए दिन बिना किसी पूर्व सूचना के बसों का संचालन निरस्त कर दिया जाता है, जिससे यात्रियों को घंटों सड़क किनारे इंतजार करना पड़ता है। अंत में विवश होकर यात्रियों को निजी बसों और डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।बसों की इस मनमानी का सबसे बुरा असर बुजुर्गों, व्यापारियों और छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाली महिलाओं पर पड़ रहा है। सीधी बस सेवा न मिलने के कारण यात्रियों को बीच रास्ते में बसें बदलनी पड़ती हैं, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि इस मार्ग पर बसों की समय सारिणी निर्धारित कर नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए।इस संबंध में रोडवेज के एआरएम श्रीराम कौशल ने स्वीकार किया कि उन्हें बसों के अनियमित संचालन की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार कर बसों का संचालन सुचारु कर दिया जाएगा। अब देखना यह है कि विभाग कब तक इस समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाता है।



## पेज एक का शेष...

**नर्सिंग अभ्यर्थियों ....**बड़ा वर्ग आज भी चयन से वंचित रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बेरोजगारों के साथ दोहरी नीति अपना रही है। पुंडीर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आज उनकी मांगों पर कोई लिखित आदेश या ठोस फैसला नहीं लिया गया, तो आंदोलनरत महिला और पुरुष अभ्यर्थी सामूहिक रूप से मुंडन कराकर अपना विरोध दर्ज करेंगे। आंदोलनकारियों का कहना है कि नर्सिंग भर्ती में हो रही देरी से अभ्यर्थियों की उम्र सीमा निकली जा रही है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए। समाचार लिखे जाने तक भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदर्शन जारी था और अभ्यर्थी मुख्यमंत्री से सीधे वार्ता की मांग पर अड़े हुए थे।

**अंकित हत्याकांड में ...**भी चर्चा का विषय है क्योंकि दर्शन भारती ने पूर्व में आरती गौड़ को पहचानने से साफ इनकार कर दिया था। अब इस नई एंट्री ने दर्शन भारती की भूमिका पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। गौरतलब है कि उर्मिला सनावर को, जिसका पता 9 दिनों तक पुलिस नहीं लगा पाई थी, दर्शन भारती ही दिल्ली से देहरादून लाए थे और उसे अपने संरक्षण में रखा था। अंकिता हत्याकांड में एसआईटी की जांच के बाद कोर्ट ने तीनों मुख्य आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी है, लेकिन हालिया ऑडियो वायरल मामले और अब उषा राणा माही के दावों ने नई बहस छेड़ दी है। 16 जनवरी को जब उर्मिला अपना फोन कोर्ट में जमा करने पहुंची, तब दर्शन भारती ने कहा था कि 'उर्मिला का चैप्टर अब क्लोज हो गया है। लेकिन अब उषा राणा माही की एंट्री ने संकेत दिए हैं कि अंकिता मामले में अभी कई राज दफन हैं। यदि उषा राणा माही के पास वास्तव में ऐसे साक्ष्य हैं जिनसे पुलिस अब तक कोसों दूर है, तो आने वाले दिनों में न केवल सफेदपोश नेताओं बल्कि कई भगवाधारियों की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं।

**राष्टीय अध्यक्ष के ...**सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। मुख्यमंत्री धामी का इस महत्वपूर्ण समय पर दिल्ली पहुंचना न केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को दर्शाता है, बल्कि उत्तराखंड के आगामी संगठनात्मक ढांचे और चुनावी रणनीति पर शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के संकेत भी देता है। कल यानी 20 जनवरी को भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। नए अध्यक्ष के चयन के साथ ही भाजपा आगामी राज्यों के विधानसभा चुनावों और 2029 की तैयारियों के लिए अपनी नई टीम का गठन कर सकती है। मुख्यमंत्री धामी की इस सक्रियता को राज्य के विकास कार्यों और संगठन में समन्वय के लिहाज से भी काफी अहम माना जा रहा है।

**कार खाई में गिरने...**वाहन संख्या यूके 11 टीए 3251 क्षतिग्रस्त हालत में मिला और चालक सुरेंद्र सिंह पुत्र हिम्मत सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सेरा खाई में पड़ा मिला। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल खाई से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदानगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र सिंह नंदानगर बाजार से अपना काम निपटाकर वापस अपने घर सेरा लौट रहे थे। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। युवा चालक की मौत की खबर मिलते ही सेरा गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**होटल और दुकान...**बताया कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अग्निकांड से हुई वास्तविक आर्थिक क्षति का विस्तृत आकलन किया जा रहा है। फायर सर्विस रुद्रप्रयाग ने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं से बचने के लिए समय-समय पर वायरिंग की जांच करवाते रहें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आग लगने के सटीक कारणों की गहनता से जांच की जा रही है।

**चरस ले जा रहा ...**गोपाल सिंह पुत्र स्व. किशन सिंह निवासी ग्राम सुनकिया भटेलिया, थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल बताया। पुलिस ने बरामद चरस व बाईक संख्या यूके 06एबी 2486 अपने कब्जे में लेकर नशा तस्कर गोपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार चौकी टीपी नगर, कांस्टेबल तारा सिंह, सन्तोष विष्ट, भूपेन्द्र जेष्ठा शामिल थे।

**१३ साल से खाकी...**हो रही घेराबंदी और मुखबिर की सटीक सूचना पर रविवार को पुलिस टीम ने अमरोहा बस स्टैंड के पास जाल बिछाया और घेराबंदी कर 35 वर्षीय शब्बीर उर्फ सुहेल को धर दबोचा। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष उमेश कुमार, उपनिरीक्षक कैलाश देव, हेड कांस्टेबल नवनीत कुमार, कांस्टेबल प्रकाश आर्या और शुभम सैनी शामिल रहे। 13 साल पुराने इस मामले के पटाक्षेप होने पर एसएसपी ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है।

# उर्मिला सनावर ने अब आरती गौड़ के साथ दुष्यंत गौतम की तस्वीरों पर उठाए सवाल

देहरादून। अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। उर्मिला ने इस बार दुष्यंत गौतम की आरती गौड़ के साथ तस्वीरें साझा की है। उर्मिला ने तस्वीरें साझा कर कैप्शन लिखा 'दुष्यंत कुमार गौतम उर्फ गट्टू, मेरे भाई, आज मेरा तुमसे एक सवाल है। हो सकता है तुम फिर से मेरी आईडी ब्लॉक करवा दो, लेकिन मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। तुम्हारी और आरती गौर की इतनी सारी तस्वीरें एक साथ होना महज इत्तेफाक नहीं हो सकता, क्योंकि वह न तो तुम्हारी पीआरओ है और न ही तुम्हारी पत्नी'। उर्मिला ने आगे लिखा, '23 मई की रात को मेरे घर में आरती गौड़ ने चोरी की। सुरेश राठौड़ ने कहा कि यह चोरी दुष्यंत गौतम ने करवाई थी, और अंकिता भंडारी मर्डर केस में भी तुम्हारा हाथ था। उसने कहा कि तुम उस रात वहां थे। यह मैंने नहीं कहा, बल्कि सुरेश राठौर ने कहा'।उर्मिला ने कहा 'मान लेते हैं कि यह झूठ है। आज तुम्हें जनता को जवाब देना होगा कि आरती गौड़ तुम्हारी हर फोटो में क्यों है, और जब मेरे घर में चोरी हुई, तो उस सुबह मैंने पहला कॉल तुम्हें किया था, लेकिन तुमने तुरंत फोन काट दिया। इसका मतलब है कि तुमने ही मेरे घर में चोरी करवाई'। उर्मिला आगे लिखा हैं 'दुष्यंत गौतम और अंकिता भंडारी मर्डर केस में उस रात तुम ही वह वीआईपी थे। क्योंकि तुम ही आरती गौड़ को डैम कोठी बुलाते थे। आरती गौड़ के पास तुम्हारी नंगी हालत का वीडियो है। तुम्हें इन सवालों के जवाब देने होंगे, दुष्यंत गौतम। मुझे चुप कराने से कोई फायदा नहीं होगा'।



# रिंग रोड का अधिकांश काम पूरा

रुद्रपुर। नगर की वाहनों का दबाव कम करने के लिए 1061 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन रिंग रोड का काम अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। रिंग रोड का अधिकांश काम पूरा हो गया है। एनएचएआई की ओर से 20.5 किमी लंबी रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसमें विभिन्न स्थानों पर 20 ओवरब्रिज, फ्लाईओवर, बैकुलर ओवर पास का निर्माण किया गया है। मटकोटा और नगर के पारले चौक पर कुछ कार्य शेष है। एनएचएआई के साइट इंचार्ज तुषार गुप्ता ने बताया कि रिंग रोड का काम दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था। कुछ काम शेष रहने से समय पर कार्य पूरा नहीं हो पाया। फरवरी अंत तक रिंग रोड के सारे काम पूरे हो जाएंगे।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किच्छा विधायक बेहड़ के पुत्र पर किया हमला

## घटना के बाद लोगों में रोष, विधायक मेयर सहित तमाम लोगों ने अस्पताल पहुंच पार्षद सौरभ का जाना हाल-चाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिलकराज बेहड़ के पुत्र एवं नगर निगम पार्षद सौरभ राज बेहड़ पर रविवार शाम अज्ञात बाइक सवारों ने हमला कर दिया। घटना आवास विकास पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर हुई, जहाँ सौरभ एक विवाद के निपटारे के सिलसिले में जा रहे थे। हमले में घायल सौरभ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, मेयर विकास शर्मा, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा, सुशील गाबा, मीना शर्मा,अनिल शर्मा, डॉ रजनीश बत्रा सहित कई राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन से जुड़े सैकड़ो लोगअस्पताल पहुँच गए। वहीं किच्छा, गदरपुर और आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुँचे और सौरभ की कुशलक्षेम जानी।घटना प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 6 बजे सौरभ घर से स्कूटी पर आवास विकास चौकी की ओर निकले थे। तभी बिना नंबर प्लेट की एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। सौरभ के जमीन पर गिरते ही दो हमलावरों ने उन पर लात-घूँसों से हमला किया। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। विधायक तिलकराज बेहड़ भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। परिजनों ने घायल सौरभ को तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका इलाज जारी है। विधायक बेहड़ ने कहा कि सौरभ एक पुराने विवाद के मामले में पुलिस चौकी बुलाए गए थे, लेकिन वहाँ पहुँचने से पहले ही उन पर हमला कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जाँच पूरी होने तक किसी पर आरोप नहीं लगा रहा, लेकिन दोषियों पर कार्रवाई न हुई तो पुलिस को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अत्यंत शर्मनाक और असहनीय बताया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने पुलिस की लापरवाही पर प्रश्नचिह्न उठाए।रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा और मेयर विकास शर्मा, एडवोकेट विपुल शर्मा भी रात में अस्पताल पहुँचे। मेयर विकास शर्मा ने बताया कि किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ की सीएम से फोन पर बातचीत कराई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिएअपराधी कोई भी हो, किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।घटना के बाद से शहर में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है और पुलिस ने हमलावरों की तलाश तेज कर दी है। मामला अभी जांच के अधीन है। इस दौरान श्री बेहड़ कांग्रेस और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फोन कर सौरभ की हालचाल जाना।





### राजनीतिक विरोध भुलाकर अस्पताल में उमड़ी भीड़

रुद्रपुर।सौरभ राज बेहड़ पर हुए हमले के बाद शहर में राजनीतिक तापमान भले बढ़ गया हो, लेकिन अस्पताल में बिल्कुल अलग तस्वीर देखने को मिली। घटना की सूचना मिलते ही सत्ता पक्ष बीजेपी के विधायक शिव अरोरा,मेयर विकास शर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में अस्पताल पहुँच गए। कांग्रेस, बीजेपी और अन्य दलों से जुड़े लोगों ने एकजुट होकर सौरभ का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की अस्पताल परिसर में देर रात तक लोगों का तांता लगा रहा, जिसमें किच्छा, गदरपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोग शामिल थे। सभी ने हमले की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## महापौर ने मुख्यमंत्री से कराई बेहड़ की बात

रूद्रपुर। वार्ड 39 के पार्षद एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के पुत्र सौरभ बेहड़ पर हुए हमले को लेकर महापौर विकास शर्मा ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही महापौर ने तत्काल अस्पताल पहुँचकर घायल पार्षद का हाल जाना और चिकित्सकों से उनके उपचार के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अस्पताल में मौजूद पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलकराज बेहड़ से घटना की पूरी जानकारी लेने के पश्चात, महापौर विकास शर्मा ने मौके से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता की। महापौर ने मुख्यमंत्री को घटना की गंभीरता और शहर की कानून व्यवस्था के प्रति अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री की बात विधायक तिलकराज बेहड़ से भी कराई। मुख्यमंत्री ने इस कायराना हमले पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए आश्वस्त किया कि शासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह



मुस्तैद है और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा सौरभ बेहड़ हमारे नगर निगम बोर्ड के सम्मानित सदस्य हैं। एक जनप्रतिनिधि पर इस तरह का सुनियोजित और नकाबपोश हमला सीधे तौर पर लोकतंत्र और कानून व्यवस्था को चुनौती है। इस कृत्य की जितनी निंदा की जाए वह कम है। सार्वजनिक जीवन में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने अस्पताल में ही मौजूद सीओ प्रशांत कुमार को निर्देशित किया कि पुलिस की विभिन्न टीमें गठित कर हमलावरों की शिनाख्त की जाए और उन्हें अविलंब गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन को मामले की गहनता से जाँच करने के निर्देश दिए जा चुके हैं और मुख्यमंत्री स्वयं इस प्रकरण की निगरानी कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि वह इस दु:ख की घड़ी में बेहड़ परिवार के साथ खड़े हैं और सौरभ बेहड़ के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन नकाबपोश लोगों ने हमला किया है वह जल्द सलाखों के पीछे होंगे। महापौर ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दे दी गयी है। सीएम धामी ने भी मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। जल्द ही पुलिस दोषियों को गिरफ्तार करेगी।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे हमलावर

रुद्रपुर। सौरभ राज बेहड़ पर हुए हमले के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर कई अहम सुराग मिले हैं। फुटेज में बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार तीन युवक एक से अधिक बार घटनास्थल के पास आते-जाते दिखाई दे रहे हैं।इसी दौरान फुटेज में यह भी स्पष्ट दिख रहा है कि पार्षद सौरभ की स्कूटी गिरने के बाद बाइक से उतरे दो युवकों ने उन पर हमला किया और मारपीट कर मौके से फरार हो गए।सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने जांच तेज कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, जिससे महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

## एसएसपी ने अस्पताल पहुंचकर पार्षद बेहड़ का जाना हाल

रुद्रपुर। आवास विकास चौकी क्षेत्र में पार्षद सौरभ बेहड़ के साथ हुई मारपीट की



घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा स्वयं अस्पताल पहुंचे और घायल पार्षद का हालचाल जाना। इस दौरान सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष मोहन चन्द्र पाण्डे सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। एसएसपी ने डॉक्टरों से उनके उपचार की जानकारी ली और परिजनों को भरोसा दिलाया कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। घटना रविवार शाम की है, जब पार्षद सौरभ बेहड़ अपनी स्कूटी से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनके घर के पास गली में एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात नकाबपोश हमलावर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, एक हमलावर बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि दो अन्य ने नीचे उतरकर पार्षद को चलती स्कूटी से नीचे गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और चंद ही सेकंड में मौके से फरार हो गए। यह पूरी वारदात महज 6 सेकंड के भीतर अंजाम दी गई, जो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्वयं पार्षद सौरभ बेहड़ ने घटना की पुष्टि की है। इस संवेदनशील मामले को लेकर एसएसपी ने स्थानीय विधायक से भी वार्ता की है। मणिकांत मिश्रा ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तत्काल पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं, जो हमलावरों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि शहर की कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बिना तथ्य किसी पर आरोप नहीं लगाऊंगा: बेहड़

रुद्रपुर। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने अपने पुत्र सौरभ पर हुए हमले को लेकर साफ कहा कि वह इस घटना को किसी भी तरह राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहते और न ही बिना प्रमाण किसी पर उंगली उठाएँगे।विधायक बेहड़ ने कहा कि पुलिस अपनी दिशा में जांच कर रही है और वह पुलिस की कार्रवाई पर पूरा भरोसा रखते हैं। उन्होंने कहा"जब तक आरोपी की पहचान और भूमिका पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक मैं किसी भी व्यक्ति या समूह पर कोई आरोप नहीं लगाने वाला हूँ। तथ्यों के बिना आरोप लगाना न मेरे स्वभाव में है और न ही उचित है।" विधायक बेहड़ ने यह भी बताया कि सौरभ की स्वास्थ्य स्थिति अब बेहतर है और डॉक्टरों के अनुसार कोई गंभीर चिंता की बात नहीं है। उन्होंने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौरभ को ठीक होते देख राहत मिली है।

